हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 एक करोड़ के निर्माण कार्यों से बदलेगी नगर की तस्वीर...



07 किसान भाइयों अब खेती का समय बदलने वाला है...





## खबर संक्षेप

### बालरंग प्रतियोगिता में सम्मिलित होने सागर का दल नर्मदापुरम रवाना

**सागर।** राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता नर्मदापुरम हेतु सागर से 37 सदस्यीय दल आज शासकीय पं.रविशंकर शुक्ल स्कूल से रवाना हुआ। दल में 2 वादक सर भी है एवं स्टाफ है। रविशंकर स्कूल की छात्राओं ने संभागीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री के विद्यार्थी मूक बधिर नाटक एवं सुगम संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। रविशंकर स्कूल में प्राचार्य डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी ने राज्य स्तरीय दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

### भू-अधिकार ऋण पुस्तिका अब ऑनलाइन

**सागर।** किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि सुविधाजनक रूप से किए गए बदलाव का ई-तकनीक के माध्यम से लाभ उठाएँ और परेशानी से बचें। सरकार द्वारा किसानों या आमजन को उनके खाते की खसरा, बी-1 एवं ऋण-पुस्तिका की प्रति वाट्सएप पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुअल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा। विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम 45 दिवस के भीतर आवेदन पर कार्यवाही की जायेगी। कुछ कमियां होने पर पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। जिसकी सूचना एसएमएस से दी जायेगी। पंजीयन पोर्टल पर आवेदन k8मान्य होने पर पोर्टल से ही पंजीयन प्रमाण-पत्र जनरेट होगा जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर रहेंगे।

## खुरई में निकला संघ का भव्य पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

# पथ संचलन ने सभी में राष्ट्रीय चेतना और अनुशासन का भाव जागृत किया: पूर्व मंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी सामाजिक सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर खुरई नगर में संघ के स्वयंसेवकों ने भव्य पथ संचलन निकाला। किला मैदान से आरंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्गों से निकले पथसंचलन का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने परसा तिराहे पर पुष्प वर्षा के साथ पथ संचलन का स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों स्वयं सेवकों का गणवेश में एकत्रीकरण दोपहर 3:30 बजे खुरई किला मैदान में हुआ। बीना जिला संघ कार्यवाह चंद्रप्रकाश व नगर संघ कार्यवाह प्रदीप ने ध्वजारोहण करने के पश्चात मां भारती, संघ के संस्थापक स्व केशव बलिराम हेडगेवार व गुरु स्व सदाशिव गोलवलकर जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया। राष्ट्र भक्ति से ओजपूर्ण गीतों में स्वर देते सैकड़ों संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन नेपथ्य में चल रहे वादक वृंद की लय में कदम ताल करते किला मैदान से निकल कर नगर के मुख्य मार्गों की ओर गतिमान हुआ। संघ के पथ संचलन को



देखने जुटे सैकड़ों नागरिक जनों में पथ संचलन को देख कर राष्ट्र चेतना, देश प्रेम और संकल्प की ऊर्जा का संचार हुआ जो सभी की भाव-भंगिमाओं से देखने को मिला। नागरिकों ने करतल ध्वनि से पथ संचलन को किला मैदान से रवाना किया। पथ संचलन के साथ खुले जीप वाहन में संघ का भगवा ध्वज लिए ध्वजवाहक चल रहे थे।

परसा चौराहे पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेताओं व वार्डवासियों के साथ एक बड़े प्लेटफार्म से पथ संचलन का स्वागत कर रहे थे। इस प्लेटफार्म पर भारत माता की वेशभूषा में एक कन्या राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़ी थीं जो पथ संचलन को अपना आशीर्वाद दे रही थीं। नगर के प्रत्येक मार्ग पर घरों से स्वागत द्वारों से पथ संचलन पर निरंतर पुष्प वर्षा होती रही। आंबेडकर चौराहे के पास जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा का दृश्य देखा गया। पथ संचलन नगर भ्रमण करते हुए नगर पालिका के मार्ग से वापस किला मैदान पहुंच कर विसर्जित हुआ।

पथ संचलन के स्वागत पश्चात परसा चौराहे पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश की सामाजिक सांस्कृतिक एकता, अखंडता, धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। यह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है जिसके शताब्दी वर्ष पर सभी छोटे बड़े स्थानों पर पथ संचलन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करोड़ों स्वयंसेवक राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की भावना लेकर राष्ट्र चेतना व सेवा के कार्य में लगे हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लंबे संघर्ष के पश्चात ही अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर पुनः बन सका है। इसके लिए संघ के सैकड़ों स्वयं सेवकों ने अपना बलिदान दिया। राम राज्य की संकल्पना के लिए जो हमारे संविधान में भी है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतत कार्य करता है। आज खुरई में इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित हो कर स्वयं सेवकों ने अपनी संगठन शक्ति, अनुशासन को पथ संचलन में प्रकट किया है। बहुत बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक भी पथ संचलन में शामिल हुए हैं। सभी नगरवासियों में इस पथ संचलन को लेकर उत्साह था और भव्य स्वागत सभी ने किया है।



## गढाकोटा में खेत से लौट रहे मजदूरों से भरा वाहन पलटा, 25 से ज्यादा घायल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में एक भीषण सड़क हादसे से हड़कंप मचा गया खेतों से लौट रहे मजदूरों से भरा ऐक आपे वाहन हरदौट ग्राम के पास पलट गया। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार सभी मजदूर लुहागर ग्राम से सोयाबीन की कटाई कर लौट रहे थे, तभी अचानक टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना कि जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पहुंची जहां घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा लाया गया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा नेता श्रीराम भार्गव व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी पहुंचे और घायलो का हाल चाल जाना ओर उचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई। हादसा शनिवार शाम का है जब गढाकोटा के सभी मजदूर खेतों से घर लौट रहे थे। वाहन में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सवार थे। दुर्घटना में 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 5 गंभीर घायलों को सागर जिला अस्पताल भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



## गढ़ाकोटा नगर में आईपीएल की तर्ज पर कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आईपीएल की तर्ज पर कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ युवा अभिषेक भार्गव एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। टूनामेंट आयोजक युवा समाजसेवी कुश भार्गव एवं आयोजन समिति है। आयोजन समिति अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने सभी अतिथि, गण मान्य नागरिक एवं जनप्रतिधि का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, दिनेश लहरिया, भरत चौरसिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भरत सेमरा, महेश सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, युवा व्यवसायी वरुण सोनी, इंद्रजीत सिंह पार्षद, राजेंद्र तिवारी छूल्ला, वीरू दुबे दमोह, नर्मदा पटेल, अशोक चौधरी, समिति सदस्य ताहिरख़ान, अभिजीत ठाकुर, अरवाज़ ख़ान, शोहिल पठान उपस्थित रहे। इस्पॉन्सर डिंग डिंग डीजे गढ़ाकोटा भी रहे। जनप्रतिनिधि एकादश एवं वन विभाग गढ़ाकोटा के मध्य उद्घाटन मैच संपन्न हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जनप्रतिनिधि एकादश ने 78 रन बनाए। जिसमें युवा समाजसेवी नेता और धाकड़ बल्लेबाज बल्लेबाज अभिषेक भार्गव दीपू भैया ने शानदार अर्धशतक बनाया और नाबाद 53 रन बनाए जिसमें चौके छक्के के साथ आकर्षक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया जिनका साथ दिनेश लहरिया एवं मनोज तिवारी ने दिया और टीम ने एक अच्छा स्कोर बनाया। जवाब में वन विभाग एकादश ने बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए जिसमें सत्यम कुर्मी ने शानदार 25 रन बनाए। जनप्रतिनिधि एकादश 18 रन से मैच जीत गई मैंन ऑफ द मैच अभिषेक भार्गव को दिया गया। आयोजन के बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र की क्रिकेट टीम खिलाड़ी, एवं युवा खिलाड़ी, दर्शक उपस्थित रहे।

## खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु दल गठित

**सागर।** कलेक्टर ने दीपावली तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, स्वास्थ्यप्रद एवं मानक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अनुविभाग स्तर पर विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है। निरीक्षण दल में तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। यह दल अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बाजारों, मिठाई की दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों, गोदामों तथा परिवहन माध्यमों की निगरानी करेंगे।



## सनराइज रेसिडेंसी समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

**सागर।** राजघाट रोड स्थित सनराइज रेसिडेंसी आवासीय समिति की वार्षिक बैठक समिति अध्यक्ष डी. पी. कोष्टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव कामता प्रसाद सोनी ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष सी.एस. नामदेव ने आय–व्यय विवरण रखा, जिसे कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में कॉलोनी के समग्र विकास एवं सुचारू प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कॉलोनीवासियों से त्रैमासिक मेंटेनेंस राशि का समय पर भुगतान करने की अपील की गई। अधिवक्ता धीरेन्द्र शर्मा को सोसाइटी का विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी को यह अधिकार दिया गया कि मेंटेनेंस भुगतान की उपेक्षा करने वाले या अपनी संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा सके। गायत्री मंत्र पाठ से आरंभ और समापन हुई बैठक में, दिवंगत कॉलोनीवासी स्व. उपेन्द्र शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में आर. एन. नापित, देवेश चतुर्वेदी, आर. के. शुक्ला, राजेश नापित, उमाशंकर आठिया, नवनीत धगट सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# सतत विकास केवल एक नीति नहीं, बल्कि जीवन का दृष्टिकोण है: कुलपति प्रो.ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीका सफल समापन हुआ। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. मेघा दास थीं। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देना, विश्वविद्यालयों को सतत विकास की दिशा में अग्रसर करना तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों में हरित पहल की भावना को सशक्त बनाना था। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे। जबकि प्रो. रमेश गार्दास, आईआईटी मद्रास अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. सत्यकाम ने अपने संबोधन में शिक्षा को पर्यावरणीय मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. रमेश गारदास ने हरित अनुसंधान और सतत विश्वविद्यालयों की दिशा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आर.पी. तिवारी, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा ने उच्च शिक्षा में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को संस्थागत संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जबकि प्रो. सरिका शर्मा, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने युवाओं में हरित नेतृत्व विकसित करने की दिशा में शिक्षा की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

दोनों सत्रों की अध्यक्षता डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सतत विकास केवल एक नीति नहीं, बल्कि जीवन का दृष्टिकोण है जिसे शिक्षा के माध्यम से समाज तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक प्रेरक कदम बताया।

डॉ. मेघा दास ने बताया कि संगोष्ठी में मलेशिया, नेपाल, श्रीलंका और भारत के विद्वानों ने सामाजिक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बिना किसी पारिश्रमिक के अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण से प्राप्त समस्त धनराशि तमिलनाडु के सी.एम.सी. वेल्लोर अस्पताल में गरीब कैंसर रोगियों के उपचार हेतु दान की जाएगी।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## श्री सीताराम नाम लेखन समिति सदस्यों की बैठक संपन्न



**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन समिति के समस्त सदस्यों की बैठक बैंक के सहव्यवस्थापक बृजेश द्विवेदी के निवास पर पंडित अरविंद चौबे के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने स्वयं के द्वारा पूर्ण लेखन की गई पुस्तिकाओं को जमा किया एवं दीपावली के बाद अयोध्या जी जाने की प्रस्ताव पर अपनी अपनी सहमति व्यक्त की। एवं लेखन कार्य को अपनी-अपनी क्षेत्र में और अधिक तेजी से लेखन कार्य करवाने का संकल्प लिया बैठक का संचालन लेखन प्रेमी अजय खरे ने किया एवं आभार व्यक्त बैठक के आयोजक बृजेश द्विवेदी ने किया। बैठक के अंत में श्री सीताराम नाम बैंक के सहव्यवस्थापक ब्रजेश द्विवेदी को पी.एम.यू .एम शिक्षक संघ म.प्र का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर समिती के समस्त सदस्यो के द्वारा सम्मान करते हुये उन्हे हार्दिक बधाई दी गई। बैठक में मुख्य रूप से श्याम सुंदर चौबे, बलवीर सिंह सिरोंजा, रामरतन तिवारी, सुदेश भटियाली, जेपी रावत, मुकेश श्रीवास्तव, नमन द्विवेदी ,सौरभ तिवारी ,शांतनु भटेले आदि शामिल है।

## प्राकृतिक कृषि विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**सागर।** भारत सरकार के प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में किसानकल्याण एवं कृषि विकास विभाग आत्मा परियोजना द्वारा ग्राम मुहासा में प्राकृतिक कृषि विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन विधायक पंडित बृज बिहारी पटैरिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एम के प्रजापति द्वारा मिशन के उद्देश्य तथा प्राकृतिक कृषि के महत्व परप्रकाश डाला। डॉ आशीष त्रिपाठी ने प्राकृतिक कृषि के अंतर्गत जीवामृत, घनजीवमृत, हरी खाद की फसलों का उपयोग, खेतों की कम जुताई तथा कीट नियंत्रण हेतु निमस्त्र, दशपरनिय अर्क के बारे में जानकारी दी 1 मुख्य अतिथि विधायक ने कृषकों को संतुलित खाद उपयोग, खाद एवं बीज को अलग अलग दो पेटी बाले सीड ड्रिल के माध्यम से उपयोग करना और जैविक आदानों एवं प्राकृतिक कृषि करने हेतु आह्वान किया 1 साथ ही बीज की अच्छी किस्मों के उपयोग करने, समय पर सिंचाई करने हेतु कृषकों को अपने अनुभव साझा किए।



## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**गढाकोटा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति/व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा जिला सागर के द्वारा पंचज अभियान के अंतर्गत सेंट अल्फोंसा माध्यमिक विद्यालय, ग्राम बसारी तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर में मध्यस्थता जागरूकता, वृक्षारोपण, साईबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण विधि, शोषण एवं बालकों के अधिकार से संबंधित, कानूनी योजनाओं से संबंधित विषय एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अंबर श्रीवास्तव व्यवहार न्यायाधीश गढाकोटा ने सर्वप्रथम विघालय के छात्र-छात्राओं व स्टाफ एवं अधिवक्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया, बाद में बच्चों के सांस्कृतिक गरबा कार्यक्रम में शामिल होकर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा बच्चों को कानूनी योजनाओं व विभिन्न विषयों पर जागरूक किया, साथ ही बच्चों को अच्छी तरह पढ़ने की सलाह दी गई और उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी, पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी, कोषाध्यक्ष बहराम खान, न्यायिक कर्मचारीगण, पुलिस अधिकारी, विद्यालय के छात्र एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर नील कुसुम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साह को देखते हुए और भी बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम होतें रहें व कानूनी विषयों पर जागरूक होना बहुत जरूरी है।

## 51 यूनिट रक्त संग्रह, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने किया प्रतिभागियों का सम्मान

# आचार्य विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाधिस्थ आचार्य परम पूज्य विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री विद्या समय अवतरण महोत्सव समिति के तत्वावधान में भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय द्वारा कटरा तीन बत्ती स्थित मिनिसिपल स्कूल के बाहर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में सेवाएँ दे रहे चिकित्सकों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान कर रहे युवाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर समाज द्वारा सेवा और मानवता का जो संदेश दिया गया है, वह हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। रक्तदान और स्वास्थ्य सेवा जैसे कार्य गुरुदेव के जीवन-संदेश 'परहितार्थ' की सजीव व्याख्या हैं।

शिविर में भाग्योदय तीर्थ अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. नितिन जैन एवं डॉ. सौरभ चौधरी ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।आयोजन में अपराजित योद्धा मददगार समिति और लायंस क्लब सागर ने भी सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महेश बिलहरा, मुकेश जैन (ढाना), देवेंद्र जैन, प्रकाश पारस, सुगम कोठारी, आनंद (स्टील), मुकेश पारस, मनीष नायक, सपन जैन, राजेश जैन (रोड लाइंस), ऋतुराज जैन, संजय जैन (डाली), संदीप जैन (सीए), विजय सरकार, समीर जैन, नीरज जैन (भाग्योदय) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। शिविर में चिकित्सक डॉ. नितिन जैन, डॉ. मधुर जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. अतुल जैन एवं डॉ. रिचा जैन ने भी सेवाएँ प्रदान कीं।

सैकड़ों नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया और रक्तदान के इस महायज्ञ में सहभागी बने।

## खबर संक्षेप

### अनमोल सोनी का नेशनल के लिए चयन

**विदिशा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था साकेत स्कूल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर तीरंदाजी खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नर्मदापुरम जिले के इटारसी में 4 से 8 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विदिशा के साकेत स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में आयुषी सिंह ने 17 वर्ष बालिका वर्ग रिकर्व राउंड टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अनमोल सोनी ने 17 वर्ष बालिका वर्ग कंपाउंड राउंड में चौथा स्थान अर्जित कर नेशनल एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। अब अनमोल सोनी झारखंड की राजधानी रांची में नवंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### जल उपयोगिता समिति की बैठक 14 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक मंगलवार 14 अक्टूबर को होगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। बैठक में पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोग के लिए जल का आरक्षण, जलकर का भुगतान, कृषि विभाग द्वारा फसलों का चुनाव किया जाना, विद्युत विभाग द्वारा जल संसाधन की अनुमति के बिना नहर एवं बांध पर विद्युत कनेक्शन नहीं देने सहित लोनिवि अंतर्गत निर्मित सड़कों के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नरेश सोलंकी और डॉ. जगमोहन प्रजापति (अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय) ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सोलंकी ने कहा कि स्वास्थ्य केवल रोग की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति है। डॉ. प्रजापति ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम को डॉक्टर अशोक राजपूत ने भी संबोधित किया।

### किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगा

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 200 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास वृद्धि और मानसिक संतुलन के उपाय बताए। बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा और सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प लिया।

### एसपीआर पोर्टल पर ई-केवाईसी सत्यापन 13 अक्टूबर से अनिवार्य

**विदिशा।** जिले के सभी स्थानीय निकाय कर्मचारियों को अब एसपीआर पोर्टल पर लॉगिन के लिए ई-केवाईसी आधारित ओटीपी सत्यापन अनिवार्य रूप से करना होगा। यह व्यवस्था 13 अक्टूबर 2025 से लागू होगी। समग्र सपोर्ट टीम ने बताया कि लॉगिन के समय समग्र आईडी से जुड़े मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करना आवश्यक रहेगा। टीम ने सभी कर्मचारियों से शीघ्र ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण करने और अपनी वार्ड या ग्राम पंचायत मैपिंग सही करने की अपील की है। यह कदम डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### नरवाई जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले की भौगोलिक सीमाओं में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। भूमि स्वामियों द्वारा खेतों में डंठलों को जलाने से आग फैलने की घटनाएं होती हैं।

### पीएम धन धान्य कृषि योजना समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ

# 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से केवीके पर किसानों हेतु सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए 42 हजार करोड़ रुपये के व्यय वाली पीएम धन धान्य कृषि योजना समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और 100 चयनित जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है। साथ ही पीएम मोदी द्वारा 11,440 करोड़ रुपये व्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूवात की गयी।

इसका उद्देश्य दालों की उत्पादकता के स्तर में सुधार करना, दालों की खेती के रकबे का विस्तार करना, मूल्य श्रृंखला- खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण को मजबूत करना और घाटे में कमी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया गया कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना में 11 मंत्रालय के 36 योजनाओं का समन्वय किया गया है जिसके अन्तर्गत देश के 100 जिलों का चयन कर किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई तथा ऋण प्रबधंन जैसे सुविधाओं को आगे बढ़ाया जायेगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल ने द्वीप प्रज्ज्वलन किया। केवीके अध्यक्ष डा.मुकेशचंद्र ने किसानों से फसल विविधिकरण अपनाने में बुन्देलखण्ड में दलहनी-तिलहनी के क्षेत्रफल को बढ़ाने, बाजार उपलब्धता हेतु एफपीओ को मजबूत करने पर बल दिया गया।

इस दौरान जिला पंचायत कैलाश नारायण, सीडीओ, डीएओ, सीवीओ, डीआईओ, एलडीएम नाबार्ड, गृह वैज्ञानिक, एटीएस कृषि विभाग, केवीके, एनआईसी व अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, किसानों ने प्रतिभाग किया।

### सहायक खाद्य आयुक्त की कार्रवाई

# पिकअप में दूध से भरे कंटेनर पकड़े, सैंपल जांच को भेजे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई किये जाने को लेकर खाद्य विभाग लगातार कार्यवाहियां कर रहा है।** इसी क्रम में शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ जांच के दौरान एक पिकअप, जो कि टीम को देखकर भाग रही थी को पीछा करके पकड़ लिया। इस पिकअप में लदे कंटेनरों में भारी मात्रा में भरे दूध के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ मिलावटी खाद्य सामग्री न बिक सके, इसलिए जांच-पड़ताल में मशगूल थे। तभी नेहरू महाविद्यालय के पास उन्हें एक पिकअप संख्या यू.पी.94 टी 9545 को आता देखा। इस पिकअप में कंटेनर लदे हुये थे। पिकअप चालक ने टीम को देखकर तत्काल गाड़ी को तेजी से भीड़-भाड़ वाले इलाके से निकालने का प्रयास किया, ताकि टीम उसे पकड़ न सके। लेकिन सहायक खाद्य आयुक्त की सतर्कता के चलते उन्होंने पीछा करते हुये कैलगुवां तिराहा के पास से पिकअप को रोक लिया। बताया जा रहा है कि टीम ने गाड़ी में रखे कंटेनरों से दूध के सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

### पार्षद चौबे पर एक और एफआईआर

# सड़क पर जानवर दौड़ा खराब करने का लगाया था आरोप

**ललितपुर।** वार्ड नम्बर पन्द्रह से पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने बीते शुक्रवार को ही जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर नगर पालिका परिषद के एक ठेकेदार पर मानक विहीन सड़क निर्माण किये जाने का आरोप लगाते हुये झूठी एफआईआर दर्ज कराकर फंसाये जाने की धमकी दिये जाने का गंभीर आरोप लगाया था। अब देर रात ठेकेदार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पार्षद मनमोहन चौबे एड. के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चण्डी मंदिर के पास रहने वाले ठेकेदार नागेन्द्र रावत ने पार्षद पर आरोप लगाते हुये बताया कि वह नगर पालिका परिषद में पंजीकृत ठेकेदार है और उनके वार्ड नं. 15 में सीसी रोड निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि जब वह कार्य स्थल पर पहुंचा तो वार्ड के पार्षद मनमोहन चौबे ने एक लाख रुपये की मांग करते हुये कमीशन न देने पर सड़क नहीं डाल पाने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि विरोध करने पर पार्षद ने गालियां देते हुये देख लेने की धमकी दी और मटेरियल का नुकसान करते हुये कार्य में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। ठेकेदार का आरोप है कि 7 अक्टूबर को रात करीब 8 से 9 बजे के मध्य पार्षद अपने कुछ लोगों के साथ आये और बनायी गयी सड़क पर जानबूझकर जानवरों को उस सड़क पर दौड़ा दिया, जिससे सड़क खराब हो गयी और उसका नुकसान हो गया। मामले की जानकारी अधिशाषी अधिकारी को अगले दिन 8 अक्टूबर को दी गयी। पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर पार्षद मनमोहन चौबे पर बीएनएस की धारा 308 (4), 352 व 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# 78 लोगों की जांच कर दवाइयां दी गईं

### सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अंतर्गत स्थानीय संस्था द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना द्वारा ब्लॉक के ग्राम मसौराखुर्द स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के मैदान में सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर (सीवीएस) का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य शिविर में आये हुए सभी लोगों की एचआईवी, सिपिलिस, हेप-बी, मधुमेह, बी.पी. एवं टी.बी. की स्क्रीनिंग कर कुल 78 लोगों की जांच की गई जिसमें से एचआईवी रिक्टेटिव, व्हीडाल रिक्टेटिव पाया गया। साथ ही एसटीआई एवं वायरल सर्दी, जुखाम, बुखार जनरल दवाइयों का भी वितरण किया गया एवं सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक भी किया गया। इस कैम्प में चिकित्सा अधिकारी डा.आशीष जैन, डा.बी.एस.चंदेल, डा.आदर्श चंदेल, लैब तकनीशियन श्लोक श्रीधर, आई तकनीशियन दीपक सिंह, परियोजना प्रबंधक टी.आई. हरेन्द्र रिछारिया, एम एण्ड बी अकाउंट ऑफिसर विजय बहादुर सिंह पाल, ओआरडब्ल्यू टीआई अनिरुद्ध सिंह उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक से शिकायत की

# बाइक से टक्कर मारकर मां बेटे को किया घायल

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिरधा अंतर्गत विजयपुरा में रहने वाले आशीष यादव पुत्र जण्डैल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। आशीष ने पुलिस को बताया कि बीती तीन अक्टूबर को अपराह्न करीब 2 बजे वह किसी कार्य से अपने गांव विजयपुरा से ललितपुर आ रहा था। वह जैसे ही वह कुमरौल ब्रिज के पास पहुंचा तो सामने से आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 पी 8941 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह और उसकी मां गिरकर घायल हो गयीं। टक्कर मारने वाली मोटर साइकिल सीवीजेड कुमरौल निवासी सोनू पुत्र मुन्नागिरी चला रहा था। मामले की शिकायत करने की कहने पर सोनू गिरी व उसके परिजनों में सतेन्द्र पुत्र आनन्द गिरी लगातार उसे राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। मालमे की सूचना बिरधा चौकी पुलिस को देने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुयी, जिसके बाद दबंगों के हौंसले बुलंद हैं और वह राजीनामा न करने की हालत में गांव में नहीं रहने देने की धमकियां लगातार दे रहे हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि इस घटना के बाद उसकी मां को रीढ़ की हड्डी में चोट आयी है, जिससे वह चल-फिर नहीं पा रहीं हैं। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आशीष की तहरीर अनुसार उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया

# लखीमपुरखीरी का यात्री ट्रेन से गिरकर घायल

**ललितपुर।** जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में बिजरौठा रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार रात एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार ने घायल व्यक्ति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

उक्त मामले मे डॉक्टर अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। जिसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी 35 वर्षीय राजेश मल्हार के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति राजेश द्वारा बताया गया है कि वह मानहार से झांसी जा रहा था। आरपीएफ पुलिस द्वारा बताया गया घायल व्यक्ति के पास से कोई रेलवे की टिकट नहीं मिली है। जिससे पता चल सकता कि व्यक्ति कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था, लेकिन घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह झांसी जा रहा था, व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। और व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि की है।

### दुकान के गल्ले में रखे पैंतालीस हजार रुपए उठाकर भागे बदमाश

ललितपुर। पड़ौसी गांव मसौराकलां व हाल शहर क्षेत्र के मोहल्ला बसन्त बिहार कालोनी में रहने वाले आकाश तिवारी पुत्र स्व.उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गल्ला मण्डी के सामने उसकी आकांक्षा ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित है। बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वह दुकान के बाहर बोरी गिन रहा था। तभी एक व्यक्ति चैक की शर्ट पहने हुये दुकान के अंदर पहुंचा और गल्ले में रखे करीब 45 हजार रुपये निकालकर ले गया। उस व्यक्ति का पीछा किया तो वह दौड़कर सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी संख्या यू.पी.80 एफ.एफ. 3852 में बैठकर भागने लगा, तब उसने देखा कि गाड़ी में दो लोग थे। थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उनका हुलिया अच्छे से देख सका। पीड़ित के अनुसार उक्त लोग हवाई पट्टी के साइड भाग गये। पुलिस ने आकाश तिवारी की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# महिला का आरोप दहेज की खातिर किया उत्पीड़न

### शराब पीकर गालियां देते हुए विरोध करने पर मारपीट करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मोहल्ला आजादपुरा लेडिया में रहने वाली रश्मि पत्नी अभिषेक उर्फ निक्की ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 के फरवरी माह में हुयी थी। आरोप है कि शादी के बाद से पांच वर्षों तक उसका पति उसे दहेज की बात को लेकर परेशान करता आ रहा है और शराब पीकर गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट करता है। महिला ने बताया कि 9 अक्टूबर 2025 को पति ने उसके मायके थाना बार के ग्राम सेमरा भागनगर जाकर दहेज की मांग करते हुये उसके परिजनों को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़िता ने कई बार महिला थाना में दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। रश्मि ने आरोप लगाया कि उसके पति का आर्केस्ट्रा में काम करने वाली लड़कियों से अवैध सम्बन्ध है, जिसका विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके दो बच्चे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीकर शान्ति भंग कर रहे युवक की शिकायत

**ललितपुर।** सौजना थाना क्षेत्र के ग्राम चड़ारा में दर्जनों ग्रामीणों ने एक शराबी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक आए दिन गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक की हरकतों से गांव का माहौल खराब हो रहा है और वे बेहद परेशान हैं। उसकी गतिविधियों के कारण गांव में अशांति फैल रही है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी से परेशान होकर ग्रामीणों ने पहले एक पंचायत बुलाई थी। पंचायत में युवक को समझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। ग्रामीणों ने सौजना पुलिस से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र पर धनीराम, सुक्का, भूरे, हिरूवा, देशराज, कोसा, मूला, रईसा, रखुवा, बालचंद और कन्हैया सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### बस स्टैंड निर्माण कार्य का नगर परिषद अध्यक्ष ने लिया जायजा

# एक करोड़ के निर्माण कार्यों से बदलेगी नगर की तस्वीर: गायत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




नगर के छोटा बस स्टैंड पर करीब एक करोड़ की लागत से किए जा रहे निर्माण कार्यों का बीते रविवार को नगर परिषद की अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश उन्होंने संबंधित ठेकेदार को दिए। बताया गया है कि वर्तमान समय में नगर में संचालित तमाम बसें मुख्य सड़कों के किनारे खड़ी होती हैं। जिसके चलते संपूर्ण नगर का यातायात बाधित होता है। यात्रियों को गर्मी, बारिश और ठंड में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। नगर के छोटा बस स्टैंड पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। इससे बसों के व्यवस्थित खड़े होने की जगह उपलब्ध होगी। यात्रियों के लिए भी सुविधाएं होंगी। नगर परिषद की अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने बताया कि बस स्टैंड के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उसके स्वरूप को बेहतर बनाने की दिशा में रविवार को जायजा लिया गया है। यह कदम यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ और बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, इसके लिए सभी पार्षदों द्वारा सतत निगरानी की जाएगी। लंबे समय बाद यहां छोटा बस स्टैंड में निर्माण कार्यों के पूर्ण होते ही यहां का स्वरूप बदलने वाला है।

### यात्रियों को जल्द मिलेगा स्थाई स्थान



नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने बताया कि नगर के छोटा बस स्टैंड पर जल्द ही यात्रियों व आसपास के ग्रामीणों को एक स्थायी स्थान उपलब्ध होंगा। जहां वे अपने गतंव्य की ओर जाने वाली बसों की यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए नगर परिषद ने नगर में बसों का स्थायी परिचालन नए बस स्टैंड से कराने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आम नागरिकों व बस संचालकों को इसकी जानकारी के लिए नगर में मुनादी करवाई जाएगी। जिसमें वाहन चालकों व मालिकों से अपील की जायेगी कि आगामी समय में नए छोटा बस स्टैंड से यात्री परिवहन में बसों का परिचालन किया जाएगा। बस ऑपरेटर अपनी बसों को छोटा बस स्टैंड से ही परिचालिक करेंगे। विदित हो कि अबतक समूचे नगर सहित आसपास के ग्रामीणों को नगर के विभिन्न चौक-चौराहों से बस पकडक़र आगे की यात्रा करनी पड़ती थी।

रोड शो के बाद सीएम ने लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से डाली राशि, 532 करोड़ के कामों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

# किसान भाइयों अब खेती का समय बदलने वाला है, अपने मकान, गहने बेच देना पर अपनी जमीन हाथ से मत जाने देनाः मुख्यमंत्री









हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पार्वती काली सिंध और चंबल नदी के पवित्र संगम से श्योपुर सहित 13 जिलों के भीतर खेती किसानी में क्रांतिकारी परिवर्तन आने वाला है। मेरा किसान भाइयों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि आप अब अपनी जमीन को बेचने के बारे में बिल्कुल मत सोचना, जरूरत पड़े तो मकान बेच देना जेवर बेच देना यह दोबारा बन जाएंगे लेकिन खेती की जमीन बेच दी तो वापस नहीं आएगी क्योंकि अब आपकी जमीन के कई गुना दाम बढ़ने वाले हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद राजस्थान ओर मध्यप्रदेश में चंबल, काली सिंध और पार्वती नदियों के संगम से क्षेत्र को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलने वाला है जो किसानों की आय कई गुना अधिक बढ़ा देगी। अब खेती में हम पंजाब हरियाणा को मात देने वाले हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर के श्री हजारेश्वर मेला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सिंगल क्लिक योजना के माध्यम से लाड़ली बहनों के खातों में राशि डाली और जिले को 532 करोड़ रुपए की सौगात भूमि पूजन व शिलान्यास के माध्यम से दी। इससे पहले मुख्यमंत्री रोड शो के माध्यम से जानता का आशीर्वाद लेने शहर के विभिन्न बाजारों में भ्रमण को पहुंचे, जिसमें नागरिकों ने जोरदार पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक योजना से राशि डालने के बाद कांग्रेस पर गरजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जब हमारी सरकार ने लाडली बहना योजना शुरू की तब वह कह रहे थे कि यह चलेगी नहीं बंद हो जाएगी, इतना पैसा कहां से लाएंगे, आज वो कांग्रेसी देख लें कि हम लगातार राशि बढ़ाते जा रहे हैं उन्होंने कहां की स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश में भाजपा के राज्य में जितनी उपलब्धि हासिल की है उतना कांग्रेस के राज में सोचना भी मुश्किल थी 1356 में मध्य प्रदेश बना तब से लेकर 2003 तक सिर्फ प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन भाजपा की सरकार में 32 नए मेडिकल कॉलेज बनाएं हाल ही में हमने 8 में मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण ऐसे स्थानों पर किया जहां लोग स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराने की मांग लगातार करते आ रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती के मामले में मध्य प्रदेश लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रहा है किसानों को फसलों का लाभकारी भाव मिल रहा है। किसानों को 2600 रुपए प्रति क्विंटल का दाम देने वाला मध्य प्रदेश संभवतः देश का इकलौता राज्य है। उन्होंने युवाओं को आश्वास्त करते हुए कहा कि युवाओं स्वरोजगार उपलब्ध उन्हें उद्यमी बनाने के लिए लगातार बड़े औद्योगिक घरानों के साथ इनवेस्टर मीट की जा रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। हाल ही में हमने भोपाल में इन्वेस्टर मीट की है जिसमें अकेले चंबल संभाग के लिए 500 करोड रुपए उद्योगों को स्वीकृति दी गई है। इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उद्बोधन देते हुए जिले के लिए जरूरी कई कामों का मांग पत्र भी सीएम को सोपा।

इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, ब्रजराज सिंह चौहान, बाबू लाल मेवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल आदिवासी, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, जिप सीईओ सौम्या आनंद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण मौजूद रहे।

### 98.87 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 98.87 करोड़ लागत के 14 निर्माण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्रेमसर-हिरनीखेड़ा-मूड़ला मार्ग का उन्नयनीकरण कार्य लागत 59.78 करोड़, ग्राम अकोरिया में नवीन विद्युत सब स्टेशन लागत 2.27 करोड़, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास भवन आवदा लागत 4.04 करोड, 10 अतिरिक्त कक्ष उमावि आवदा लागत 3.82 करोड, मल्टीपरपज सेंटर इन्द्रपुरी राडेप एवं बुढेरा लागत 60-60 लाख, खैरघटा में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.44 करोड, हिरनीखेडा में नवीन सब स्टेशन लागत 2.65 करोड, पच्चीपुरा में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.91 करोड, मेखडी में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.16 करोड, सलापुरा में विधुत सब स्टेशन निर्माण लागत 2.58 करोड, बगदरी, जावदेश्वर, बमूली गुसाई, फूलदा, नसीरपुरा एवं सेमल्दा में नलजल योजनाएं लागत 7.48 करोड, गोवर्धा खुर्द, खिरखिरी, परतवाडा में नलजल योजनाएं लागत 3.81 करोड एवं अरोदा, छापर, बुढेरा में नलजल योजनाएं लागत 3.73 करोड़ के कार्य शामिल हैं।

### मंदिर देख रथ से उतरे सीएम, गणेश जी को लगाई ढोक

श्योपुर में पहली बार आगमन होने पर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नागरिक अभिनंदन कराने के उद्देश्य रोड शो किया था हेलीपैड स्थल वीर सावरकर स्टेडियम से रेस्ट हाउस होते हुए मेला ग्राउंड पहुंचे सीएम का जगह-जगह स्वागत हुआ इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया और आभार जताया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। समय अभाव के कारण सीएम कही भी रथ से नहीं उतरे लेकिन टोडी गणेश मंदिर पर जब रथ पहुंचा तो गणेश मंदिर देख सीएम रथ से उतर गए और गणेश जी को ढोक लगाई, पूजा की और पंडित जी के माध्यम से गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। तब रथ आगे बढ़ा इसके बाद खरादी बाजार, मालियों का मंदिर, पुल दरवाजा, बड़ौदा रोड होते हुए रथ मेला ग्राउंड पहुंचा जहां सीएम ने जनसभा को संबोधित किया।





### जो सोची नहीं जा सकती थी वो सौगातें मिली श्योपुर को

मुख्यमंत्री से पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उद्बोधन देते हुए जिले को मिली सौगात का जिक्र करते हुए कहा कि जिले को सौगात तो अनगिनत मिली है लेकिन 2 सौगात ऐसी हैं जिनके बारे में सोचा जाना भी संभव नहीं था। श्योपुर से ग्वालियर तक नैरोगेज के माध्यम से कष्टपूर्ण यात्रा करना पड़ती थी इसे भाजपा ने मुद्दा बनाया था और सत्ता में आने के बाद ग्वालियर से श्योपुर और श्योपुर से कोटा तक के लिए बड़ी रेल लाइन का निर्माण शुरू कर दिया है जो जल्द ही पूरा होगा। दूसरा जिले में हमेशा स्वास्थ्य सेवा की परेशानी रही है मैं दो बार यहां दो बार सांसद रहा मुझे सबसे अधिक समस्या स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी मिली पहले लोगों को इलाज के लिए सवाई माधोपुर, बारां, कोटा, जयपुर जाना पड़ता था लेकिन अब मेडिकल कॉलेज यहां खुल गया है अब राजस्थान के लोग भी यहां उल्टे यहां इलाज कराने आएंगे। यह सब भाजपा सरकार की जनहित नीति के चलते संभव हो सका है।

### नहीं हुआ चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री के रोड शो वाले कार्यक्रम में पुल दरवाजा के बाहर स्थापित की गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करना भी शामिल था, लेकिन जाट नेताओं ने इस प्रतिमा का अनावरण में चौधरी चरण सिंह के परिजनों को शामिल करने की मांग की थी इसको लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली गई जिसके बाद प्रशासन ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कहने पर प्रतिमा का अनावरण रुकवा दिया। नरेंद्र सिंह तोमर ने भरोसा दिलाया है कि वह इस प्रतिमा का अनावरण चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी के हाथों अन्य समारोह में कराएंगे।

### पोस्टर होर्डिंग में छाई रही लेकिन मंच से नहीं पुकारा गया नाम

मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाए गए थे इसमें नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर ने भी अपना फोटो वाले होर्डिंग बैनर लगाकर खुद को प्रचारित किया गया। हालांकि कुछ लोगों ने इसे हाई कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन बताया पर उन्होंने नगरपालिका परिषद के माध्यम से ओर अध्यक्ष की हैसियत से बैनर होर्डिंग लगाए लेकिन मंच पर पहुंचने के बाद किसी ने भी रेनू राठौर का नाम नहीं लिया न हीं मंच का संचालन कर रही संचालिका ने नाम लिया न मुख्यमंत्री ने न नरेंद्र सिंह तोमर ने।

### ये की सीएम ने मंच से घोषणाएं

1 सलापुरा से मातासुला (ढोटी) तक रोड बनेगा, ताकि मेडिकल कॉलेज पहुंचना आसान हो।

2 ढोढर हायर सेकंडरी स्कूल में विज्ञान एवं गणित की क्लास शुरू होगी।

3 यातायात को सुगम मनाने के लिए बंजारा डैम के ऊपर आवंटित जमीन पर ट्रांसपोर्टनगर बनेगा।

4 सीप नदी किनारे शहर के विभिन्न घाटों का पर्यटन विभाग के माध्यम से विकसित कर सौंदर्यकरण किया जाएगा।

5 ढोढर में सीएम राइज स्कूल (सांदीपानी विद्यालय) खोला जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने 460.40 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 460.40 करोड के 26 कार्यों के लिए शिलान्यास भी किया गया। जिनमें इसमें गोरस-कराहल-पोहरी-शिवपुरी मार्ग का उन्नयनीकरण लागत 322.01 करोड, 100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण विजयपुर एवं पहेला लागत 8-8 करोड, 50 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण श्योपुर एवं पहेल लागत 4.6-4.6 करोड, नगरपालिका श्योपुर की एसबीएम 2.0 अंतर्गत लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एसटीपी प्लांट निर्माण कार्य लागत 16.83 करोड, एसबीएम 2.0 अंतर्गत एमआरएफ प्लांट एवं कम्पोस्टिंग प्लांट सुदृढीकरण कार्य 1.64 करोड, नगरपालिका परिषद श्योपुर की लीगेसी वेस्ट डम्प साइड रेमीडिऐशन परियोजना कार्य 1.54 करोड, बायपास पार्क के पास मॉडल चौपाटी निर्माण कार्य 2.5 करोड, कराहल बायपास मार्ग निर्माण लागत 7.37 करोड, सरजूपुरा से मालीपुरा सडक निर्माण लागत 3.34 करोड, सहसराम से बूढदा मार्ग निर्माण लागत 13.3 करोड, एल106 ढोढर से नीमदा का सहराना तक सडक निर्माण लागत 2.24 करोड, एल105-राजौरा रोड से पहाडली आदिवासी बस्ती तक सडक निर्माण लागत 38 लाख, आमेठ रोड से इन्द्रा कॉलोनी राहरौन सडक लागत 91 लाख, मोरावन-टिकटोली रोड से सिलोरी तक सडक लागत 52 लाख, टर्राकला से पकोडिया का सहराना तक सडक 51 लाख, पचनया से बीसा का सहराना तक सडक 1.57 करोड, खजूरी रोड से ढुरेडी तक सडक लागत 49 लाख, खजूरी रोड से बंसतापुरा तक सडक लागत 1.13 करोड, निमानिया नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.73 करोड, सरोदा से काशीपुरा के मध्य सीप नदी पर पुल निर्माण लागत 37.98 करोड, निमोदामठ से नयागांव आवदा-अजापुरा रोड के मध्य सीप नदी पर पुलिया निर्माण लागत 8.09 करोड, सहरिया जनजाति सांस्कृतिक केन्द्र टिकटोली निर्माण लागत 5 करोड, सामुदायिक भवन कराहल निर्माण लागत 50 लाख तथा नगर परिषद बडौदा की एसबीएम 2.0 लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत एसटीपी प्लांट निर्माण कार्य लागत 4.61 करोड़ शामिल है।



## अजापुरा में निकला आरएसएस का पथ संचलन, लोगों ने बरसाए पुष्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नजदीकी गांव अजापुरा में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना पथ संचलन निकाला। इसके पूर्व रविवार को अजापुरा सहित आसपास के गांवों के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण स्कूल प्रांगण हुआ। यहां आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को जिला प्रचार प्रमुख मुकेश सिकरवार ने मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया और उपस्थिति स्वयंसेवको से पंच परिवर्तन को लेकर कार्य किए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ और खंड कार्यवाह राकेश मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ। घोष की थाप पर निकला यह पथ संचलन गांव के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। पथ संचलन का गांव में कई स्थानों पर पुष्प बर्षा करते हुए स्वागत किया। प्रमुख मार्गो से होकर पथ संचलन वापस स्कूल प्रांगण में आकर सम्पन्न हुआ।

श्योपुर के लिए एक नया बायपास बनेगी सलापुरा ढोटी तक बनने वाली सड़क

# 51 करोड़ की लागत से बनेगी सलापुरा से ढोटी तक सड़क, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

काफी लंबे समय से सड़क संबंधी परेशानी को लेकर परेशान बने नगदी, नागदा और मातासूला के ग्रामीणों के लिए एक खुश खबरी है। खुश खबरी यह है कि इनकी वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग अब जल्द पूरी हो जाएगी। क्योंकि रविवार को श्योपुर के एक दिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चंबल नहर होते हुए सलापुरा से ढोटी तक सड़क बनाए जाने की घोषणा कर दी है। इस सडक को बनाए जाने के लिए 51 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी। सलापुरा से ढोटी तक पहली बार बनाई जाने वाली यह नई सडक जहां आधा दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन सुगम बनाएगी, वहीं श्योपुरवासियों के लिए श्योपुर सवाईमाधोपुर हाइवे से सीधे श्योपुर कोटा हाइवे पर पहुंचने के लिए एक नया बायपास बनकर भी उभरेगी।

सलापुरा से चंबल नहर होते हुए ढोटी तक सडक बनाए जाने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है। सडक सुविधा से अभी तक वंचित बने ग्राम मातासूला सहित आसपास के गांवो के ग्रामीणों के द्वारा पिछले दिनों सलापुरा नहर पर चक्काजाम करते हुए इस सडक को बनाए जाने की मांग जोरदारी से उठाई थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा सलापुरा से ढोटी तक 17 किलोमीटर सडक बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया और फिर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के दखल और कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर इस सडक निर्माण के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की घोषणा वाली योजना में शामिल करवाया गया। रविवार को श्योपुर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष इस सडक निर्माण की मांग को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने प्रमुखता से रखा तो सीएम डॉ मोहन यादव ने इस सडक को स्वीकृत किए जाने की घोषणा मंच से ही कर दी। जैसे ही सीएम ने मंच से इस सड़क निर्माण की घोषणा की, वैसे ही इस क्षेत्र के लोगो में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। हो भी क्यों नहीं, क्योकि यह सडक आधा दर्जन से अधिक गांवों के आवागमन को सुगम बनाएगी।



### साढ़े पांच मीटर चौड़ी बनेगी सड़क

लोक निर्माण विभाग के द्वारा सलापुरा से ढोटी तक सडक बनाए जाने का जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उस प्रस्ताव के अनुसार सलापुरा से चंबल नहर रोड होते हुए ढोटी चंबल नहर पुलिया तक 17 किलोमीटर लंबी यह सडक बनाई जाएगी। जिस पर 51 करोड रूपए की राशि खर्च होगी। डामरीकृत बनने वाली यह सडक साढ़े पांच मीटर चौड़ी बनेगी। इस सडक के बनने के बाद जहां पहली बार मातासूला गांव को सडक की सौगात मिलेगी, वहीं ईच्छापुरा, नागदा, नगदी, हासापुरा, मातासूला, तिल्लीपुर, कंवरसली, आसीदा, ढोटी, बगवाडा आदि गांव के ग्रामीणों का सफर भी सुगम हो जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज पहुंचने का वैकल्पिक मार्ग भी बनेगी यह सड़क

बताया जा रहा है कि सलापुरा से ढोटी तक बनने वाली यह सडक जहां श्योपुरवासियों के लिए एक नया बायपास बनकर उभरेगी, वहीं मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए एक नया बैकल्पिक मार्ग भी बनेगी। यूं तो बर्धाबुजुर्ग तिराहे से मेडिकल कॉलेज तक सीधी सडक बनाए जाने का काम चल रहा है, लेकिन सलापुरा चंबल नहर होते हुए बनने वाली इस सडक के जरिए भी मेडिकल कॉलेज पहुंचना आसान हो जाएगा। क्योकि यह सडक मेडिकल कॉलेज के बगल से ही होकर गुजरेगी। इसके अलावा श्योपुर सवाईमाधोपुर से जिन वाहनों को श्योपुर कोटा मार्ग पर जाना होता है, उन्हें फिलहाल खातौली तिराहे होकर जाना पडता है, लेकिन जब सलापुरा ढोटी सडक बन जाएगी, तब वाहन सीधे इस सडक से होकर श्योपुर कोटा मार्ग पर पहुंच जाएंगे। इसके अलावा यह सडक किसानों को कृषि उपज मंडी और सायलो केन्द्र पर पहुंचना भी सुगम बनाएगी।

### इनका कहना..

चंबल नहर होते हुए सलापुरा से ढोटी तक सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने की मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा कर दी गई है। इसलिए अब इस सड़क निर्माण को जल्द ही प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी।

**पुष्कल प्रताप**
**कार्यपालन यंत्री, लोनिवि श्योपुर**

## भगवान देवनारायण के मंदिर पहुंचे सीएमओ, बोले जो कहा उसका मुझे खेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शनिवार को नगरपालिका के जिस संविदा कर्मी पंप अटेंडर के साथ नगर पालिका सीएमओ आरआर यादव की हॉट टॉक वाली ऑडियो वायरल हुई थी अब उसमें रोचक ट्विस्ट रविवार को तब आ गया जब गुर्जर समाज के साथ सीएमओ भगवान देवनारायण मंदिर पर पहुंचे और वहां सीएमओ ने पहले मंदिर पर ढोक लगाई और बाद में जिस कर्मचारी के साथ उन पर जातीय अपमान करने का आरोप लगा था उसे अपना छोटा भाई बोलकर खेद जताया।

शनिवार को एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें नपा संविदा कर्मचारी और सीएमओ के बीच बातें हो रही थी इस वार्तालाप में सीएमओ उक्त संविदा कर्मचारी को न सिर्फ डांट रहे थे बल्कि असंसदीय भाषा का उपयोग भी उक्त ऑडियो में सुनाई पड़ रहा था। साथ ही जातीय स्तर पर भी भाषा का आदान प्रदान हो रहा था इस मामले में गुर्जर महासभा द्वारा आपत्ति जताने के बाद सीएमओ ने भगवान देवनारायण मंदिर पर पहुंच कर समस्त गुर्जर समाज के सामने खेद व्यक्त किया साथ ही कहा कि जिस कर्मचारी से उन्होंने यह बात कही है वह उनके छोटे भाई की तरह है, उन्होंने उसे अपना छोटा भाई समझ कर ही इस तरह डांटा था।वह सिर्फ नगर विकास के हित में काम करने का प्रयास करते हैं ऐसे मौके पर कभी-कभी टारगेट पूरा न होने पर उत्तेजित हो जाना लाजमी है अगर इस मामले में किसी को दुख पहुंचा है तो मैं उसके लिए खेद व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि उक्त कर्मचारी से उनका किसी तरह का कोई मतभेद द्वारा भाव कभी नहीं रहेगा सीएमओ के इस खेद के बाद उक्त कर्मचारी भी अपने ड्यूटी पर भेज दिया गया यानि कल जो लेटर निलंबन का निकाला गया था वह अमल में नहीं आएगा।

## खबर संक्षेप

### अशोकनगर में 13 को होगा शिविर आयोजन

**अशोकनगर।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कक्षा 1 से 12 में अध्ययरत दिव्यांग बच्चों के लिऐ अशोकनगर विकास खंड का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 13 अक्टूबर को जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय अशोकनगर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जावेगा। जिसमें कक्षा 1 से 12 में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों की जांच जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम एवं जबलपुर की एलिम्को टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच की जावेगी और उन्हें उपकरण के लिए चिन्हांकित किया जाएगा। शिविर में डॉक्टरों द्वारा दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी बनाई जाएगी। विकास खंड अशोकनगर अंतर्गत आने वाली कक्षा 1 से 12 तक की शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को उक्त शिविर में उपस्थित कराकर शासन की योजना का लाभ दिलाए।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अथाई मोहल्ला निवासी सलीम खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामसिंह, पवन गीता और पूजा बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से पवन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सलीम खान, हल्के कुशवाह, सोहन कुशवाह और मदन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम चुरारी निवासी रौनक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ति किया गया और उससे मारपीट की गई। पुलिस ने ससुराल पक्ष के देवेन्द्र यादव, जनकसिंह यादव, विमलाबाई यादव निवासी नगावार के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### बीना नागदा ट्रेन 11 से 15 तक बंद रहेगी

**अशोकनगर।** उज्जैन स्टेशन के यार्ड मे रिमॉडलिंग का कार्य होने के चलते गाडी संख्या 19341/42 बीना नागदा, नागदा-बीना गाडी को 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक बंद कर दी गयी इसी को लेकर रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की ओर से सुनील आचार्य ने रेल महाप्रबंधक को जबलपुर मेल कर उक्त क्षेत्र के रहवासियो की परेशानी से अवगत कराया है। जिसमें कहा गया है कि दीपावली के त्यौहार पर नई ट्रेने चलाई जाना चाहिए किन्तु जो ट्रेने चल रही हैं उन्हे बंद करने से यात्री परेशान होगें। ट्रेन को उज्जैन के पहले स्टेशन से चलाया जाए ताकि यात्री लाभान्वित हो सकें।

# 'कांग्रेस होती तो न आशा दीदी का 3500 रुपया होता और न ही लाड़ली बहना होती'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को मुंगावली में एक बेहद आत्मीय कार्यक्रम में भाग लिया। जहाँ उन्होंने आशा दीदी और आंगनवाड़ी बहनों के समर्पण को नमन किया। यह कार्यक्रम इन कर्मयोगिनियों के सम्मान में आयोजित किया गया था। केन्द्रीय मंत्री ने आशा दीदी और आंगनवाड़ी बहनों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बताया।

### गांव में बच्चों के पहले कदमों की मार्गदर्शक हैं आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताः केंद्रीय मंत्री सिंधिया

सिंधिया ने मंच पर उपस्थित आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शहर घर की पहली दुआ और गाँव में बच्चों के पहले कदमों की मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि आप हर जीवन के हर पड़ाव पर साथी बन रही हैं। मेरी आशा दीदी सुबह-सुबह नवजात के टीकाकरण का रिमाइंडर देती हैं, और गर्भवती माँ के साथ अस्पताल तक खड़ी रहती हैं। दरअसल मेरी आशा दीदी में त्रिवेणी ईश्वर का संगम है, यह शांति और शक्ति के संगम का प्रतीक हैं। हमारी यह मातृशक्ति ही गाँव की राह में उजाला ले आती है।

### केंद्र सरकार द्वारा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा सम्मान और



विदित हे कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत इन बहनों को पूरी तरह मुफ़्त में 4 लाख रुपये का बीमा सुरक्षा कवच प्रदान कर रही है। इस पर सिंधिया ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी जी की संवेदनशील सोच है जो हमारी बहनों के सर पर सुरक्षा की छाया स्वयं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ ने भी 2022 में आशा कार्यकर्ताओं को ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड से सम्मानित कर देश की सेवा भावना को विश्व मंच पर सराहा है।

### सिंधिया परिवार की परंपरा माताओं-बहनों का सुरक्षा कवच

केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार और आपका यह बेटा, हमारे तीनों जिलों की माताओं-बहनों और बेटियों का सुरक्षा कवच है। आपको सुरक्षा देना मेरा कर्तव्य भी है और धर्म भी। इसके साथ ही सिंधिया ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। सिंधिया ने कहा की अगर कांग्रेस की दुष्ट सरकार होती तो ना आशा दीदी का 3500 रुपया होता और ना ही लाडली बहना होती। उन्होंने अपनी दादी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी, के शब्दों को याद करते हुए कहा कि जो हाथ एक शिशु के पालने को झुला सकते हैं वो हाथ विश्व पर राज भी कर सकते हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने बताया कि उनकी निजी पहल से अशोकनगर में 929 बेटियों के सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाए गए हैं। यह उनके बेटियों के सपनों का पहिया है। शिक्षा, शादी, उद्यम या व्यापार सहित हर मोड़ पर यह उनकी आर्थिक स्वायत्तता की पहली सीढ़ी बनेगा।

## विद्यार्थी और स्वामीजी की प्रतिमाओं के अनावरण समारोह में पहुंचे सिंधिया

# मुंगावली ज्ञान के साथ ही संघर्ष और संस्कार की पावन भूमि : केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को मुंगावली की पावन धरती को एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने स्वाधीनता के दो अमर प्रेरणास्त्रोतों गणेशशंकर विद्यार्थी जी और स्वामी विवेकानंद जी की सात-सात फीट ऊँची भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया, साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर छतरी का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस अवसर को केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि हृदय को गर्व और भावनाओं से भर देने वाला ऐतिहासिक क्षण बताया।

**मुंगावली का गौरव और विद्यार्थी जी का आदर्श** केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुंगावली की यह धरती जहाँ से ज्ञान, विचार और राष्ट्रप्रेम की धारा पीढ़ियों से प्रवाहित होती रही है, आज से केवल एक भौगोलिक नाम नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और संस्कार की भूमि कहलाएगा। उन्होंने बताया कि गणेशशंकर विद्यार्थी जी का बचपन यहीं की पवित्र मिट्टी में बीता और उनके पिता जी इसी मुंगावली में शिक्षक थे। सिंधिया ने कहा कि







विद्यार्थी जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा देशप्रेम केवल भावना नहीं, बल्कि कर्तव्य है, केवल शब्द नहीं, बल्कि कर्म है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जी ने पत्रकारिता को स्वतंत्रता संग्राम का शस्त्र बनाया और यह दिखाया कि कलम भी तलवार से अधिक प्रभावशाली हो सकती है, जब उसमें सत्य और साहस का तेज हो। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कॉलेज प्रशासन से आग्रह किया कि सिलेबस में एक अध्याय गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन और संघर्ष पर जोड़ा जाये।

### स्वामी विवेकानंद ने भारत के सामर्थ्य को जगाया: सिंधिया

सिंधिया ने युवाओं के प्रेरणास्रोत, स्वामी विवेकानंद जी के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने उस भारत को जगाया, जो अपने सामथ्य को भूल गया था। उन्होंने युवाओं से कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज जब हम उनकी प्रतिमा का अनावरण कर रहे हैं, यह हमें याद दिलाता है कि भारत का भविष्य किसी और के भरोसे नहीं, हमारे भरोसे है, आपके भरोसे है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन को दोहराते हुए युवाओं का आह्वान किया कि यही समय है, सही समय है। सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भर और विश्वगुरु भारत का जो स्वप्न गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था, उसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। आज भारत आत्मनिर्भर तो बन हो रहा है लेकिन साथ ही दुनिया भर को कोविड की वैक्सीन प्रदान कर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को भी सशक्त कर रहा है।

### आदर्शों का संगम सत्य के संग आत्मबल और साहस

सिंधिया ने कहा कि इन प्रतिमाओं के सम्मुख नमन करते हुए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें। गांधी जी का सत्य, विवेकानंद जी का आत्मबल और विद्यार्थी जी का साहस, इन तीनों का संगम ही भारत का सच्चा पथ है। हमारे बच्चे केवल पढ़ाई में नहीं, बल्कि विचार, कर्म और चरित्र में भी गणेशशंकर और विवेकानंद बनें। यही इन मूर्तियों के लोकार्पण का सच्चा अर्थ है।

**विवेकानंद और विद्यार्थी के स्वप्न को पूरा कर रहे पीएम मोदी** सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भर और विश्वगुरु भारत का जो स्वप्न गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था, उसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। आज भारत आत्मनिर्भर तो बन हो रहा है लेकिन साथ ही दुनिया भर को कोविड की वैक्सीन प्रदान कर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को भी सशक्त कर रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब मिलकर इस धरती को शिक्षा, संस्कृति और सेवा का केंद्र बनाएं। अंत में कार्यकर्ताओं से भेट कर भाजपा का पट्का पहनाकर स्वागत किया। साथ में राव ब्रजेंद्र सिंह यादव, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी चंदेरी विधायक, आलोक तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

# जनता को मार्केट में बताए जीएसटी बचत उत्सव लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा अशोकनगर के गांधी पार्क मेन मार्केट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में भाग लिया और जीएसटी बचत उत्सव के लाभों से जनता को परिचित कराया।

**प्रधानमंत्री का तोहफा है जीएसटी बचत उत्सव सिंधिया** केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने सबसे पहले गांधी पार्क मेन मार्केट में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से बात करते हुए उन्हें जीएसटी बचत उत्सव के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह बचत उत्सव कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के नागरिकों के लिए दिया गया एक सीधा उपहार है।

**वोकल फॉर लोकल के संकल्प को करें मजबूत सिंधिया** केन्द्रीय मंत्री ने उत्साह से बताया कि इस बचत उत्सव के कारण त्योहारी सीजन में लोगों ने रिकॉर्ड खरीदारी की है। यह हमारे देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति और आम आदमी की जेब को मिली राहत को दर्शाता है। सिंधिया ने जनता से अपील की कि वे इस आर्थिक शक्ति का प्रयोग स्वदेशी उत्पादों को खरीदने में करें। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के संकल्प को मजबूत करते हुए कहा कि हमारा पैसा जब देश के कारीगरों और छोटे व्यापारियों तक पहुँचेगा, तभी हमारा भारत सही मायने में आत्मनिर्भर बनेगा।

# अशोकनगर जिले के कृषकों को पीएम का लाइव कार्यक्रम दिखाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एनएएससी कॉम्पलेक्स पूसा नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का ऑनलाईन प्रसारण जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर में आयोजित कर कृषकों को दिखाया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनाए दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ एवं कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर देश के किसानों को 42000 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष शीतल सतेन्द्र कलावत, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी जिला मंत्री, मनोज रन्नौद कोषाध्यक्ष भाजपा एवं सामाजिक कार्यकर्ता, अमित सिंह, उपसंचालक कृषि, डॉ. बी.एस. गुप्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक के.वी.के., डॉ. व्ही.के. जैन, डी.के.शर्मा जिला समन्वयक एम.पी.एस.एल.आर.एम., सुखराम उइके कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित कृषणगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा धन धान्य योजना, कृषि अधोसंरचना मद एवं दलहन मिशन से लाभ लेने के लिए कृषको से आग्रह किया एवं दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में जो छूट दी गई है जिसके कारण किसान भाईयों को कृषि यंत्रों की खरीदी पर 40000 रुपए तक बचत एवं रोजमर्रा की सामग्रियों के खरीदी में बचत के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। इसके लिए जीएसटी उत्सव मनाने की बात कही।

### गायत्री परिवार के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा अब 21 नवंबर को होगी

**अशोकनगर।** आखिल विश्व गायत्री परिवार शाँति कुंज के मार्ग दर्शन एवं म.प्र. शासन की अनुसंसा से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 7 नवम्बर को आयोजित की गई थी अब यह परीक्षा 21 नबम्बर को आयोजित की जाएगी। गायत्री शक्ति पीठ अशोकनगर के परीक्षा जिला संयोजक डॉ आनन्द मोहन दुबे ने बताया कि मप्र शासन की अर्द्ध वार्षिक परीक्षा होने के कारण इस परीक्षा तिथि में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा से सभी तहसीलो में यह परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। जिसका मार्गदर्शन राहुल शर्मा कर रहें है सभी कार्यकर्ता प्रायमरी विद्यालय मा.वि. हाई स्कूलों के सम्पर्क में है सभी शासकीय अशासकीय विद्यालय के छात्र छात्रायें एवं महाविद्यालय के छात्र छात्रायें इस परीक्षा में शामिल होगें। गायत्री परिवार द्वारा स्कूलों में छात्र छात्राओं को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाकर दूरदर्शी विवेकशील बनाकर उच्चस्तरीय संवेदनाओं को जागृत किया जा रहा हैं। सभी तहसीलों में यह परीक्षा होगी।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार विधि के सिद्धांत और भारतीय ज्ञान परम्परा


## गूगल मीट के द्वारा किया गया कार्यक्रम संपन्न

### शासकीय विधि महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र.उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश एवं संहयोग से शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में शनिवार को महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार विधि के सिद्धांत और भारतीय ज्ञान परम्परा में उनका महत्व पर गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई।

इसमें मुख्य अतिथि डॉ के. रत्नम अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा (ग्वालियर चबंल संभाग) के विशेप उद्घोदन व अपणी महाविद्यालय अशोकनगर की




प्राचार्य डॉ रेनू राजेश एवं विशेष वक्ता डॉ राहुलसिंह सहायक प्राध्यापक विधि राजेन्द्रसिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी प्रयागराज (उ.प्र.) ने भारतीय ज्ञान परम्परा में विवि सिद्धांत मानवीय कल्याण पर्यावरण मानव कल्याण पर जोर देती है उसके सिद्धांत सामाज के उत्थान और शांति स्थापित करने में सहायक है। द्वितीय वक्ता के रूप में प्रो. शिल्पा शर्मा हीं लिंग्यास विद्यापीठ फरीदावाद ने भारतीय ज्ञान परंमपरा में विधि सिद्धांत केवल कानूनी सिद्धांत नहीं है बल्कि वे एक समग्र जीवन दर्शन का हिस्सा है। उक्त आयोजन में विवि महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर के विशेष प्रयास से एवं वेबीनार की संयोजक डॉ. दीक्षा भटट सहायक प्राध्यापक जूलॉजी विभाग के संचालन एवं आयोजन सचिव डी. अनिल सिंह तोमर एवं 250 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।

डॉ. स्वराज कुमार जैन द्वारा तभी अतिथि एवं विशेष वक्ताओं एवं वेबीनार से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुडे सहभागीयो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक डी.जयदीप पारासर क्रीडा अधिकारी खिज अहमद खान एवं वेबीनर के तकनीकी सहयोगी देवाशीय गोस्वामी व बहावीरसिंह जाटव का विशेष सहयोग रहा।

# जिले को एनएफएल कंपनी की रैक से यूरिया उर्वरक हुआ प्राप्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में एन.एफ.एल. कंपनी की रैक से प्राप्त 2491 मेट्रिक टन यूरिया का भण्डारण कराकर कृषकों को वितरण हेतु उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।

शनिवार को रैक से प्राप्त यूरिया सेवा सहकारी समितियों को मांग अनुसार अमरोद, हिनोतिया, बरखेड़ा, कांकड़ा, पिपरेसरा, नईसरायं, कदवाया, ढ़ाकोनी, महुअन, पिपरिया, बरोदिया, भैंसरवास, ऊमरी, हिनोतिया, रांवसर, धुर्रा, सिंघाड़ा, भरियाखेड़ी, खोरीबरी, मूडरा बहादुरा, छैवलाई, तारई, गुन्हेरू, डोंगरा, बामोरी, रांवसर जागीर, कालाबाग को 25-25 मेट्रिक टन, रातीखेड़ा, तूमैन को 50-50 मेट्रिक टन, मुंगावली, ओंडेर, नादनखेड़ी को 26-26 मेट्रिक टन, इस प्रकार कुल 32 समितियों को 853 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। एम.पी. एग्रो अशोकनगर 89.81 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र अशोकनगर 353.39 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई 250 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। अशोकनगर के निजी विक्रेताओं को आनन्द खाद भण्डार 100 मे.टन, अखलेश ट्रेक्टर 27 मेट्रिक टन, बालाजी एग्रो सेल्स 60 मेट्रिक टन, जैन स्टील 10 मेट्रिक टन, कृषक खाद विक्रय सेवा केन्द्र 36 मेट्रिक टन, महाकाल 25 मेट्रिक टन, रोशन ब्रदर्श 35 मेट्रिक टन, श्रीकृष्णा क्लीनिक100, यादव एग्री इंटरप्राईजेज 25 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है। बांकेबिहारी कृषि सेवा केन्द्र बहादुरपुर को 70, गनेश कृषि सेवा केन्द्र को 60, जगन्नाथ रमेश चंद्र मुंगावली को 60, जगदीश कृषि सेवा केन्द्र ईसागढ़ को 10, मनीष एण्ड कंपनी मुंगावली को 27, मनोज कुमार देवेन्द्र बहादुरपुर को 25, संतोष कुमार मुकेश कुमार चन्देरी को 25 मेट्रिक टन कुल 695 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया।

## बमुरिया की घटना को लेकर कांग्रेस ने कहा- निष्पक्ष व न्यायिक हो जांच

# 7 दिन में जांच पूरी नहीं हुई तो किया जाएगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया में लखन यादव उम्र 50 वर्ष की गंभीर परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है और कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष और न्यायिक जांच सात दिन में पूरी नहीं की गई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक हरीबाबू राय और प्रदेश कांग्रेस के महासचिव यादवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि उनके द्वारा भी घटना स्थल का दौरा किया गया था जहां उन्हें मिटटी मिली वहां इतना पानी नहीं था कि कोई डूब कर मर सके। घटना स्थल पर घसीटे जाने के निशान पाए गए हैं और पीठ पर भी चोटों के निशान हैं। उक्त घटना में एक व्यक्ति की मौत पर पुलिस कार्यवाही सवालिया निशानों के घेरे में है। उक्त घटना में मात्र 4 पुलिसकर्मियों का निलंबन किया गया है। जो अपर्याप्त है। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि दविस देने के लिए जो पुलिस का अमला गया था वह नशे में था। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर सात दिवस के अन्दर दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।



**सिंधिया से मृतक के परिजन मिले** उक्त घटना को लेकर गुना से अशोकनगर आते समय केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मृतक के परिजनों ने मुलाकात की और घटना क्रम से अवगत कराते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। सिंधिया ने उन्हे दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

**सोशल मीडिया पर विधायक की मां को गालियां दी गईं** विधायक हरीबाबू राय ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट प्रकाश गोस्वामी द्वारा किया गया है जिसमें उनकी मां को गाली दी गई है जबकि वह उक्त व्यक्ति को जानते तक नहीं है। न वह किसी के बारे में इस तरह के अपशब्द कभी कहते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसपी को आवेदन देकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की मांग की गई हे। उक्त व्यक्ति भाजपा का कार्यकर्ता होना बताया गया है।

**सुनील सिकरवार को थाने का प्रभार सौंपा गया** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बमुरिया में हुई घटना को लेकर 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए थाना प्रभारी रितु चैहान को लाईन अटैच किया गया था। अब सुनील सिकरवार कार्यवाहक निरीक्षक को पुलिस लाईन से शाढ़ौरा थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है।